<u>प्रेस नोट</u>

<u>दिनांक 30.10.2024</u>

दीपावली की पूर्व संध्या पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पटाखों/ आतिशबाजी की दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया:-

आज दिनांक 30.10.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत कस्बा मौदहा में दीपावली की पूर्व संध्या, पर लगने वाले पटाखों/ आतिशबाजी की दुकानों का जायजा लिया गया तथा दुकानों में लगे सुरक्षा उपकरणों को भी चेक किया गया। फायर ब्रिगेड को सक्रिय रहने व अन्य सुरक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए चौराहों पर बैरियर लगाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।